सूचना/आदेश 09-07-2015

महाविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन एवं मूल्यांकन परिषद का गठन निम्नवत किया जाता है —

प्रो० सुशीला देवी सरोज – अध्यक्ष

1. डा० ओम् वीर सिंह – संयोजक
2. डा० ज्योति साहू – सदस्य
3. डा० निखिलेश शरण – सदस्य
4. डा० राजीव द्विवेदी – सदस्य
5. डा० प्रियंका भारती – सदस्य
6. डा० रनजीत सिंह – सदस्य

परिषद में निम्न बाह्य सदस्यों को नामित किया जाता है —

1. डा० परिनिता सिंह एसो० प्रो० (रीडर) ए० एन० डी० टी० टी० कालेज सीतापुर
2. अरविन्द शुक्ला (छात्र अभिभावक)

छात्र परिषद —

1. सुरभि शुक्ला Surabhi

सूचना 16-07-2015

महाविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन एवं मूल्यांकन परिषद् के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 21-07-2015 को महाविद्यालय के शैक्षिक विकास एवं गुणवत्ता के सम्बन्ध में विचार विमर्श हेतु एक बैठक का आयोजन दोपहर 1 बजे से प्राचार्य कक्ष में किया जायेगा। आप सभी की उपस्थिति अपेक्षित है।

बाह्य सदस्यों को बैठक की सूचना दूरभाष द्वारा उपलब्ध कराया जाये।

प्राचार्य

# बैठक कार्यवाही (21-07-2015)

आज दिनाँक 21-07-2015 को प्राचार्य कक्ष में आहूत बैठक में निम्नलिखित निर्णय सर्वसहमति से लिए गये –

1. शैक्षिक सत्र 2015-2016 हेतु एकेडमिक कैलेण्डर बना लिया जाये। इस हेतु समस्त विभागों को सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित कर दिया जाये।
2. महाविद्यालय में शिक्षण कार्य में नवो-मेजी तकनीकों का प्रयोग करते हुए ICT माध्यमों के प्रयोग पर बल दिया जाये।
3. विभागीय गतिविधियों में छात्र-छात्राओं की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाये तथा इस हेतु विभागीय परिषदों का गठन कर लिया जाये।
4. महाविद्यालय में प्रसार-व्याख्यान कार्यक्रम के अन्तर्गत विशेष आमंत्रित व्याख्यानों का आयोजन विभागवार किया जाये।
5. महाविद्यालय के मूल्यांकन हेतु विभागीय स्तर पर विभिन्न मूल्यांकन विधियों का प्रयोग किया जाये।
6. छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास हेतु कार्यशालाओं का आयोजन किया जाये।

(Dr. Jyoti Sah)

P. Bharti
(प्रियंका भारती)

(Dr. Rajiv Dwivedi)

(Dr. Pramila Singh)

(डा० रनजीत सिंह)

Scanned with CamScanner

सूचना 18/11/2015

महाविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन एवं मूल्यांकन परिषद के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25/11/2015 को दोपहर 1 बजे से प्राचार्य कक्ष में शैक्षिक विकास एवं गुणवत्ता के सम्बन्ध में विचार विमर्श हेतु एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। आप सभी की उपस्थिति अपेक्षित है।

बाह्य सदस्यों को बैठक की सूचना दूरभाष द्वारा उपलब्ध कराया जाए।

प्राचार्य

P.Bharti

# बैठक कार्यवाही

महाविद्यालय में दिनाँक 24.11.2015 को आयोजित बैठक में दिनाँक 31.07.2015 को हुई बैठक में लिए गये निर्णयों के क्रियान्वयन तथा निम्नवत निर्णय सर्वसम्मति से लिये गये —

A - पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही —

1) महाविद्यालय का एकेडमिक कैलेण्डर तैयार करके विभागों को उपलब्ध करा दिया गया।

2) शिक्षण कार्य में ICT माध्यमों का प्रयोग किया गया।

3) विभिन्न विभागीय परिषदों का गठन कर लिया गया।

4) छात्र - छात्राओं के मूल्यांकन हेतु मूल्यांकन विधियाँ जैसे - क्लास टेस्ट, प्रोजेक्ट, मौखिकी आदि का प्रयोग किया गया।

B - इस बैठक में निम्न निर्णय सर्वसम्मति से लिए गये —

1) महाविद्यालय में 'कला संकाय भवन' के निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित कर दिया जाय।

2) महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं हेतु विभिन्न विभागीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाय तथा उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाय।

3) पुरातन छात्र परिषद के गठन हेतु प्रयास किया जाय।

4) महाविद्यालय के कार्यालय अभिलेखों को सु-व्यवस्थित कर लिया जाय।

5) महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापकों को सेमिनार, कान्फ्रेन्स तथा शैक्षणिक कार्यशालाओं में प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित किया जाय।

6) शैक्षणिक भ्रमण हेतु छात्र - छात्राओं हेतु सूचना प्रेषित की जाय।

Scanned with CamScanner

7) महाविद्यालय में एक 'वनस्पति वाटिका' की स्थापना की जाय।

8) कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु अनुपूरक/उपचारी कक्षाओं का संचालन किया जाय।

Scanned with CamScanner

## सूचना / आदेश

05.07.2016

शैक्षणिक सत्र 2016-17 हेतु आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन एवं मूल्यांकन परिषद पूर्व की भांति कार्य करती रहेगी। छात्र प्रतिनिधि के रूप में कृति स्वर्णकार को वर्तमान सत्र हेतु नामित किया जाता है। बाकी सदस्य यथावत रहेंगे

[signature]
प्राचार्य

[signatures] P.Bharti

05.07.2016

# सूचना

महाविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन एवं मूल्यांकन परिषद के सभी सदस्यो को सूचित किया जाता है कि दिनांक 09.07.2016 को दोपहर 1 बजे से प्राचार्य कक्ष में शैक्षिक विकास एवं गुणवत्ता के सम्बन्ध में विचार विमर्श हेतु एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। आप सभी की उपस्थिति अपेक्षित है।

बाह्य सदस्यो को बैठक की सूचना दूरभाष द्वारा उपलब्ध करायी जाए।

प्राचार्य

Scanned with CamScanner

# बैठक कार्यवाही

09.07.16

आज दिनांक 09.07.16 को प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य जी की अध्यक्षता में आई.क्यू.ए.सी. से संबंधित आवश्यक बैठक हुई, जिसमें दिनांक 25.11.15 को हुई बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन तथा निम्नवत निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए:-

A. दिनांक 25.11.15 को हुई बैठक के अनुपालन में की गई कार्यवाही इस प्रकार है:-

1. नवीन कला संकाय भवन निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रेषित कर दिया गया है।
2. छात्र/छात्राओं के मध्य, विभागीय परिषदों के तत्वाधान में प्रतियोगिताओं के आयोजन के उपरांत वार्षिक समारोह में पुरस्कृत किया गया।
3. महाविद्यालय में वनस्पति वाटिका का निर्माण प्रारम्भ कर दिया गया है।
4. विभिन्न विषयों के कमजोर छात्रों हेतु अतिरिक्त कक्षाएँ संचालित की गईं।
5. महाविद्यालय कार्यालयों को साफकर पुनर्व्यवस्थित किया जा रहा है।

B: इस बैठक में निम्न निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए:-

1. नवीन शैक्षिक सत्र हेतु एकेडमिक कैलेण्डर ~~का निर्माण~~ बना लिया जाय एवं उसका समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।
2. महाविद्यालय में विभिन्न विषयों में परास्नातक कक्षाएँ संचालित करने हेतु प्रस्ताव प्रेषित कर दिए जाएँ।
3. विभागीय परिषदों के गठन की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जाए।
4. विषय-विशेषज्ञों को महाविद्यालय में आमंत्रित कर व्याख्यान आयोजित किए जाएँ।
5. महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं की सुविधा हेतु फैसिलिटी सेंटर/कैण्टीन की व्यवस्था की जाए।
6. महाविद्यालय भवन की पुताई तथा टूटफूट की मरम्मत हेतु तथा नए वाणिज्य संकाय भवन हेतु प्रस्ताव प्रेषित कर दिए जाएँ।
7. स्वर्ण जयंती वर्ष में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।

[signatures]

सूचना

07/11/2016

महाविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन एवं मूल्यांकन परिषद के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि शैक्षिक विकास एवं गुणवत्ता के संबंध में विचार विमर्श व निर्णय करने हेतु एक आवश्यक बैठक का आयोजन दिनांक 12/11/16 को दोपहर 01:00 बजे से प्राचार्य कक्ष में किया जाएगा।

बाह्य सदस्यों को बैठक की सूचना दूरभाष द्वारा उपलब्ध करायी जाए।

प्राचार्य

P.B. Lakhi

# बैठक कार्यवाही

१२।११।२०१६

आज दिनांक १२।११।२०१६ को प्राचार्य कक्ष मे आयोजित IQAC की बैठक में ~~विवि~~ दिनांक 09/7/2016 को हुई बैठक मे लिये गये निर्णयो के क्रियान्वन तथा निम्न निर्णय सर्वसम्मति से लिये गये -

(A) दिनांक 09/7/2016 को हुई बैठक मे लिये गये निर्णयो के क्रियांन्वयन हेतु कार्यवाही -

(1) शैक्षणिक सत्र 2016-17 हेतु शैक्षणिक कैलेण्डर को बना लिया गया तथा समस्त विभागो को उपलब्ध करा दिया गया।

(2) परास्नातक स्तर पर कक्षाओं के संचालन हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित कर दिया गया।

(3) विभिन्न विभागीय परिषदो का गठन कर लिया गया।

(4) महाविद्यालय में अनुरक्षण कार्य करवाने हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित कर दिया गया।

(5) रजत जयंती के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं व कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

(B) इस बैठक में निम्नवत निर्णय सर्वसम्मति से लिए गये -

(1) महाविद्यालय के वेबसाइट का नवीनीकरण कराया जाए।

(2) विभिन्न प्रयोगशालाओं मे आवश्यक उपकरणों एवं सामग्री हेतु प्रस्ताव तैयार कर प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाए।

(3) महाविद्यालय स्तर पर निर्धन छात्र/छात्राओं की सहायता हेतु आवेदन आमंत्रित कर लिए जाए।

(4) महाविद्यालय में पुस्तकालय हेतु के उच्चीकरण एव पुस्तकालयाध्यक्ष के रिक्त पद को भरने का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाए।

(5) विभागीय स्तर पर विभिन्न शैक्षणिक प्रतियोगिताओं

PTO

का आयोजन किया जाए।

(6) महाविद्यालय स्तर पर अभिवावक संघ का गठन कर लिया जाए।

(7) महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापकों को विभिन्न शैक्षणिक कार्यशालाओं में प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित किया जाए।

(8) CAS के अन्तर्गत अर्ह प्राध्यापकों के आवेदन-पत्र प्राप्त कर लिए जाए तथा आवेदन-पत्रों की जाँच कर निदेशालय को प्रेषित कर दिये जाए।

# सूचना / आदेश

प्रो० सुशीला देवी सरोज, प्राचार्य के दिनांक 30/11/2016 के सेवानिवृत्त होने के फलस्वरूप महाविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन एवं मूल्यांकन परिषद का पुनर्गठन निम्नवत किया जाता है-

| | | |
|---|---|---|
| | डा० राजीव सिंह | अध्यक्ष |
| (1) | डा० ओउमवीर सिंह | संयोजक |
| (2) | डा० ज्योति साह | सदस्य |
| (3) | डा० राजीव द्विवेदी | सदस्य |
| (4) | डा० रनजीत सिंह | सदस्य |
| (5) | डा० दीपक सोनी | सदस्य |
| (6) | डा० रविन्द्र कु० शर्मा | सदस्य |

परिषद में निम्न बाह्य सदस्यों को नामित किया जाता है-

(1) डा० परिणिता सिंह आचार्य नरेन्द्र देव टीचर्स ट्रेनिंग कालेज सीतापुर

छात्र प्रतिनिधि -

(1) कीर्ति स्वर्णकार

Scanned with CamScanner

04/02/2017

सूचना

महाविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन एवं मूल्यांकन परिषद के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि शैक्षिक विकास एवं गुणवत्ता के संबंध मे विचार-विमर्श व निर्णय करने हेतु एक आवश्यक बैठक का आयोजन दिनांक 08/02/17 को दोपहर 1:00 बजे से प्राचार्य कक्ष में किया जाएगा।

वाह्य सदस्यों को बैठक की सूचना दूरभाष द्वारा उपलब्ध करायी जाए।

प्राचार्य

(Dr. Rajiv Dwivedi)

Scanned with CamScanner

08/02/2017

# बैठक कार्यवाही

आज दिनांक 08/02/17 को प्राचार्य कक्ष में आयोजित IQAC की बैठक हुई जिसमें दिनांक: 12/11/2016 को हुई बैठक के निर्णयों का क्रियान्वयन तथा निम्नवत निर्णय सर्वसम्मति से लिए गये –

A. दिनांक : 12/11/16 को हुई बैठक में लिए गये निर्णयों के क्रियान्वयन हेतु की गई कार्यवाही –

(i) Website के नवीनीकरण हेतु पत्र Developer को भेजा गया।

(ii) प्रयोगशालाओं में उपकरण/सामग्री इत्यादि हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया।

(iii) निर्धन छात्र/छात्राओं की सहायता हेतु आवेदन मांगे गये।

(iv) परिसदीय कार्यक्रम आयोजित किये गये।

(v) महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा विभिन्न सेमिनार, कार्यशालाओं में प्रतिभाग किया गया।

B. इस बैठक में निम्न निर्णय सर्वसम्मति से लिए गये –

(i) परीक्षा की शुचिता हेतु CCTV लगाये जाएं।

(ii) छात्रवास शुरु किया जाये।

(iii) विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण के उपरान्त feedback प्राप्त किया जाये।

(iv) योगा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये।

(v) वार्षिक परीक्षाओं हेतु Remedial classes शुरु किये जायें।

(Dr. Deepak Soni)

Scanned with CamScanner

दिनांक : 07/07/2017

## सूचना

महाविद्यालय की IQAC के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि शैक्षिक विकास एवं गुणवत्ता के सम्बन्ध में एक आवश्यक बैठक दिनांक 12/07/2017 अपराह्न 1:30 बजे प्राचार्य कक्ष में आयोजित की जा रही है।

कृपया तदनुसार प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। बाह्य सदस्यों को सूचना दूरभाष के माध्यम से कर दी जाये।

प्राचार्य

# बैठक कार्यवाही

(12-07-2017)

आज दिनांक 12-07-2017 को आचार्य कक्ष में आयोजित IQAC की बैठक हुयी। बैठक में दिनांक 08-02-2017 को हुयी बैठक में लिये गये निर्णयों के क्रियान्वयन हेतु की गयी कार्यवाही तथा निम्न निर्णय सर्वसम्मति से लिए गये —

(A)

दिनांक 08-02-17 को हुयी बैठक में लिए गये निर्णयों के क्रियान्वयन हेतु की गयी कार्यवाही —

1. वार्षिक परीक्षाओं के सुचितापूर्ण एवं नकल-विहीन संचालन हेतु CCTV कैमरे लगवाए गये।
2. छात्रावास के जीर्णोद्धार एवं संचालन हेतु एक समिति का गठन कर लिया जाये।
3. रेमेडियल क्लासेस शुरू किये गये।

(B)

1. एकेडमिक कैलेण्डर का निर्माण किया जाये।
2. विभिन्न परिषदों का गठन किया जाये और छात्र प्रतिनिधियों का चयन किया जाये।
3. पुरा छात्र सम्मेलन का आयोजन किया जाये।
4. जरूरतमन्द छात्रों को छात्रावास उपलब्ध कराये जायें।
5. अभिभावक संघ की बैठक की जाये।
6. सभी शिक्षक विषयवार पाठ्यक्रम की पूर्वयोजित पाठ्य योजना तथा मासिक आख्या प्रस्तुत करें।
7. क्रीडांगन हेतु निदेशालय उच्च शिक्षा हेतु प्रस्ताव भेजा जाये।
8. प्रसार व्याख्यान प्रत्येक विभाग में विशेष आमंत्रित व्याख्यान कराया जाये।

Scanned with CamScanner

सूचना / आदेश (05-09-2017)

डा० (श्रीमती) नलिनी श्रोत्रिया के दिनांक 26-08-17 को प्राचार्य पद पर कार्यभार ग्रहण करने के फलस्वरूप उन्हें IQAC के अध्यक्ष पद पर नामित किया जाता है। शेष समिति पूर्ववत कार्य करती रहेगी। डा० राजीव सिंह संयोजक के रूप में कार्य करेंगे।

प्राचार्य

सूचना

दि- 7-10-2017

महाविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन एंव मूल्यांकन परिषद के समस्त सदस्यों को सूचित - किया जाता है कि दिनांक 10-10-2017 को दोपहर 1 बजे से प्राचार्य कक्ष में महाविद्यालय के शैक्षिक विकास एंव गुणवत्ता के सम्बन्ध में विचार विमर्श व निर्णय करने हेतु बैठक का आयोजन किया जायेगा। आप सभी की उपस्थित - अपेक्षित है।

बाह्य सदस्यों को बैठक की सूचना दूरभाष द्वारा उपलब्ध कराई जाये।

Na

प्राचार्य

Scanned with CamScanner

## बैठक कार्यवाही दि० 10-10-2017

आज दिनाँक 10-10-17 को प्राचार्य कक्ष में आयोजित I.Q.A.C. की बैठक में दिनाँक 12-7-2017 को हुई बैठक में लिये गये निर्णयों के क्रियान्वयन हेतु की गई कार्यवाही तथा निम्नवत् निर्णय सर्व सम्मति से लिये गये।

(A) दि० 12-7-2017 को आयोजित बैठक में लिये गये निर्णयों के क्रियान्वयन हेतु की गई कार्यवाही।

(1) ऐकेडमिक कलैन्डर का निर्माण कर समस्त विभागों को उपलब्ध करा दिया गया।

(2) विभागीय परिषदों का गठन कर लिया गया।

(3) महाविद्यालय के छात्रावास का संचालन प्रारम्भ कर दिया गया इस हेतु एक समिति का गठन कर दिया गया।

(4) विषयवार प्राध्यापकों ~~का~~ द्वारा पाठ्यक्रम का पूर्वयोजित पाठ्य योजना बना ली गई।

(5) महाविद्यालय में क्रीडांगन हेतु निदेशालय पत्र प्रेषित किया गया।

(B) इस बैठक में निम्नवत् निर्णय सर्वसम्मति से लिये गये।

(1) महाविद्यालय की वेबसाइट पर विभिन्न शैक्षणिक सूचनाओं एवं गतिविधियों को नियमित रूप से अपलोड किया जाये।

(2) निर्धन छात्र सहायता हेतु महावि० के छात्रों से आवेदन प्राप्त किये जाये।

(3) महाविद्यालय के आधुनिकीकरण किये जाने के सम्बन्ध में निदेशालय को पत्र प्रेषित किया जाय।

(4) महावि० के कलासंकाय के निर्माणाधीन भवन के कार्य पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में निदेशालय को पत्र प्रेषित किया जायें।

(5) महावि० के नाम में संशोधन/एकरूपता लाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये।

(6) महावि० में विभागीय स्तर की प्रतियोगितायें आयोजित की जायें।

क्रमशः

Scanned with CamScanner

(7) महाविद्यालय की विज्ञान वर्ग की प्रयोगशालाओं मे आवश्यकतानुसार उपकरणों के लिए प्रस्ताव भेजा जाये।

(8) महावि० के पुस्तकालय से छात्रों के लिए पुस्तके निर्गत की जाये।

Seen
HOD

सूचना 11/12/2017

महाविद्यालय के आन्तरिक ~~गुणवत्ता~~ आश्वासन एवं गुणवत्ता मूल्यांकन परिषद के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15/12/2017 को दोपहर 01:00 बजे से महाविद्यालय के शैक्षिक विकास एवं गुणवत्ता के संबंध में विचार विमर्श करने हेतु बैठक का आयोजन प्राचार्य कक्ष में किया जाएगा। सभी सदस्य तदनुसार उपस्थित हों।

वाह्य सदस्यों को बैठक की सूचना दूरभाष से उपलब्ध करायी जाए।

प्राचार्य

# बैठक कार्यवाही

दि:-15-12-17

आज दिनांक 15-12-17 को प्राचार्य कक्ष में आयोजित IQAC की बैठक में दिनांक 10-10-2017 को हुई बैठक में लिये गये निर्णयों के क्रियान्वयन हेतु की गई कार्यवाही तथा निम्न निर्णय सर्व सम्मति से लिये गये।

(a) दिनांक 10-10-17 को हुई बैठक में लिये गये निर्णयों के क्रियान्वयन हेतु की गई कार्यवाही —

(i) महाविद्यालय के आधुनिकीकरण किये जाने के सम्बन्ध में निदेशालय को पत्र प्रेषित किया गया।

(ii) महाविद्यालय के कला संकाय के निर्माणाधीन भवन को पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में निदेशालय को पत्र प्रेषित किया गया।

(iii) महाविद्यालय की वेबसाइट पर विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों और सूचनाओं को अपलोड किया गया।

(iv) महाविद्यालय के पुस्तकालय से छात्रों को पुस्तकें निर्गत की गयी।

(v) महाविद्यालय में विभागीय स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

(vi) महाविद्यालय के नाम में एकरूपता लाने हेतु शासन एवं निदेशालय को पत्र प्रेषित किया गया।

(b) इस बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिये गये-

(i) महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेमिनार के आयोजन हेतु प्रस्ताव निदेशालय को भेजा जाये।

(ii) महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं हेतु शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया जाये।

(iii) संकाय के उच्चीकरण हेतु प्रस्ताव शासन-निदेशालय को प्रेषित किया जाय।

(iv) महाविद्यालय के निर्माणाधीन कला संकाय भवन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया जाये।

(v) महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं के मूल्यांकन हेतु विभागवार विभिन्न मूल्यांकन विधियों का प्रयोग किया जाये।

[signatures]

Scanned with CamScanner

03-02-18

# सूचना

महाविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन एवं मूल्यांकन परिषद् के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08-02-18 को 01:30 बजे से महाविद्यालय के शैक्षिक विकास एवं गुणवत्ता के संबंध में विचार विमर्श करने हेतु बैठक का आयोजन प्राचार्य कक्ष में किया जायगा।

सभी सदस्य समयानुसार उपस्थित हो।

वाह्य सदस्यों को बैठक की सूचना दूरभाष से उपलब्ध करायी जाए।

प्राचार्य

1.

08/02/18

# बैठक कार्यवाही

आज दिनांक 08/02/18 को प्राचार्य कक्ष में आयोजित IQAC की बैठक मे दिनांक 15/12/17 को हुई बैठक मे लिए गये निर्णयों के क्रियान्वयन हेतु की गयी कार्यवाही तथा निम्नवत निर्णय सर्वसम्मति से लिए गये –

(a) दिनांक 15/12/17 को हुई बैठक मे लिए गये निर्णयो हेतु की गयी कार्यवाही –

1. महाविद्यालय में छात्रों के लिए शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया।
2. महाविद्यालय मे राष्ट्रीय सेमिनार के आयोजन हेतु निदेशालय को प्रस्ताव भेजा गया।
3. संकाय के उच्चीकरण हेतु निदेशालय को प्रस्ताव प्रेषित किया गया।
4. महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं के शैक्षणिक मुल्यांकन हेतु विभागवार, विभिन्न मुल्यांकन विधियो जैसे मौखिकी, प्रयोगात्मक परीक्षा, प्रोजेक्ट्स इत्यादि का प्रयोग किया गया।
5. महाविद्यालय के निर्माणाधीन कला संकाय भवन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया।

(b) इस बैठक में सर्वसम्मति से निम्नवत निर्णय लिए गये –

1. महाविद्यालय की वार्षिक परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए कमजोर छात्राओं हेतु उपचारी कक्षाओं का संचालन किया गया।
2. छात्रों से शैक्षणिक भ्रमण के उपरान्त फीडबैक प्राप्त किया जाय।
3. महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन किया जाए इस हेतु छात्र/छात्राओं से लेख इत्यादि प्राप्त कर लिए जाए।

Scanned with CamScanner

4. वार्षिक परीक्षाओं के सुचेतापूर्ण संचालन हेतु पूरे महाविद्यालय परिसर मे CCTV कैमरे लगवाए जाए।

5. महाविद्यालय में वार्षिक समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाए।

Seen

[signatures]

## सूचना / आदेश

04/5/2018

महाविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन एवं मूल्यांकन परिषद का शैक्षिक सत्र 2018-19 हेतु गठन निम्नवत किया जाता है-

डा० नीलिमा श्रीवास्तव — अध्यक्ष

(1) डा० राजीव सिंह — संयोजक

(2) डा० ज्योति साह — सदस्य

(3) डा० राजीव द्विवेदी — सदस्य

परिषद में निम्न वाह्य सदस्यों को नामित किया जाता है-

(1) डा० परिणिता सिंह, प्राचार्य एस० एन० डी० सी० सी० कालेज, सीतापुर

छात्र प्रतिनिधि -

(1) रिया जायसवाल

Scanned with CamScanner

सूचना 04/7/2018

महाविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन एवं मूल्यांकन परिषद् के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08/7/2018 को दोपहर 01:00 बजे से महाविद्यालय के शैक्षिक विकास एवं गुणवत्ता के संबंध में विचार विमर्श हेतु बैठक का आयोजन प्राचार्य कक्ष में किया जाएगा। समस्त सदस्य तदनुसार उपस्थित हों।

बाह्य सदस्यों को बैठक की सूचना दूरभाष द्वारा उपलब्ध करायी जाए।

प्राचार्य

Scanned with CamScanner

# बैठक कार्यवाही

08.07.18

आज दिनांक 08.07.18 को प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य जी की अध्यक्षता में IQAC से संबंधित एक आवश्यक बैठक हुई, जिसमें पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन तथा क्रियान्वयन हेतु की गई कार्यवाही तथा निम्नवत निर्णय सर्व सम्मति से लिए गए:-

A. 08.2.18 को हुई बैठक के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही:-

1. विभिन्न विषयों में कमजोर छात्र/छात्राओं हेतु रेमेडियल कक्षाओं का संचालन पूर्व वर्षों की भांति किया गया।
2. शैक्षणिक भ्रमण में प्राप्त फीडबैक का मूल्यांकन एवं विश्लेषण किया गया।
3. छात्रों से पत्रिका प्रकाशन हेतु, लेख इत्यादि प्राप्त किए गए।
4. महाविद्यालय परिसर में CCTV लगवाए गए।
5. वार्षिक परीक्षाओं को शुचितापूर्ण ढंग से आयोजित किया गया।

B. आज की बैठक में निम्नवत निर्णय लिए गए:-

1. सत्र 2018-19 का एकेडमिक कैलेंडर बना लिया जाए तथा समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।
2. विभागीय परिषदों का गठन और छात्रप्रतिनिधियों का चयन कर, विभागीय गतिविधियों का आयोजन सूची उपलब्ध कराई जाए।
3. पुरा छात्र सम्मेलन हेतु दिन का चयन कर लिया जाए।
4. अभिभावक संघ का गठन कर, बैठक आयोजित की जाए।
5. छात्रावास में रिक्त स्थानों के सापेक्ष प्रवेश हेतु आवेदन प्राप्त कर लिया जाए तथा सुविधाओं के उन्नयन हेतु प्रयास किए जाएँ।
6. पुस्तकालय तथा वाणिज्य भवन के निर्माण हेतु प्रस्ताव पुनः प्रेषित किए जाएँ।
7. समस्त शिक्षक नियमित रूप से पूर्व लेक्चर प्लान तथा मासिक आख्या बनाएँ।
8. विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित कर व्याख्यान आयोजित की जाएँ।

[signatures]

## सूचना

03/10/2018

महाविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन एवं मूल्यांकन परिषद के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10/10/2018 को दोपहर 01:00 बजे से महाविद्यालय के शैक्षिक विकास एवं गुणवत्ता के संबंध में विचार-विमर्श हेतु बैठक का आयोजन प्राचार्य कक्ष में किया जाएगा। समस्त सदस्य तदनुसार उपस्थित हों।

वाह्य सदस्यों को बैठक की सूचना दूरभाष द्वारा उपलब्ध करायी जाए।

प्राचार्य

Scanned with CamScanner

बैठक कार्यवाही 10/10/2018

आज दिनाँक 10/10/2018 को प्राचार्य कक्ष में आयोजित IQAC की बैठक में दिनाँक 08/7/18 को हुई बैठक में लिए गये निर्णयों के क्रियान्वयन हेतु की गयी कार्यवाही तथा निम्नवत निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए -

(A) दिनाँक 08/7/18 को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों हेतु की गयी कार्यवाही-

(i) एकेडमिक कैलण्डर को बना कर समस्त विभागों को उपलब्ध करा दिया गया।

(ii) विभागीय परिषदों का गठन कर छात्र प्रतिनिधियों का चयन कर लिया गया।

(iii) छात्रावास में छात्रों को स्थान प्रदान कर दिया गया तथा सुविधाओं हेतु विभिन्न कदम उठाये गये।

(iv) पुस्तकालय एवं वाणिज्य विभाग के नये भवन हेतु प्रस्ताव शासन/निदेशालय को प्रेषित किया गया।

(v) शिक्षकों द्वारा माहवार आख्या उपलब्ध करायी गयी।

(B) आज बैठक में सर्वसम्मति से निम्नवत निर्णय लिये गये -

(i) पुस्तकालय का उच्चीकरण किया जाए तथा आवश्यकता-नुसार पुस्तकों का क्रय किया जाए।

(ii) महाविद्यालय के नाम में सुधार हेतु पत्र पुनः शासन/निदेशालय को प्रेषित किया जाए।

(iii) महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं हेतु सुविधा केन्द्र की स्थापना की जाए।

(iv) महाविद्यालय के निर्धन छात्र सहायता हेतु आवेदन प्राप्त किये जाए।

(v) भवन अनुरक्षण एवं आधारभूत सुविधाओं हेतु

Scanned with CamScanner

प्रस्ताव तैयार कर शासन/निदेशालय को प्रेषित किया जाए।

(vi) महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाए।

(vii) महाविद्यालय का पंजीकरण GEM पोर्टल पर किया जाए।

(viii) महाविद्यालय के कार्यालय अभिलेखों को सुव्यवस्थित किया जाए।

Seen

# सूचना

दि० - 03/12/2018

महाविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन एवं मूल्यांकन परिषद के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनाँक 12/12/2018 को दोपहर 01:00 बजे से महाविद्यालय के शैक्षिक विकास एवं गुणवत्ता के सम्बन्ध में विचार-विमर्श हेतु बैठक का आयोजन प्राचार्य कक्ष में किया जाएगा। समस्त सदस्य तदनुसार उपस्थित हों।

बाह्य सदस्यों को बैठक की सूचना दूरभाष द्वारा उपलब्ध कराई जाय।

प्राचार्य

Scanned with CamScanner

# बैठक कार्यवाही

12/12/2018

आज दिनाँक 12/12/2018 को प्राचार्य कक्ष में आयोजित IQAC की बैठक में दिनांक 10/10/18 को हुई बैठक में लिए गये निर्णयों के क्रियान्वयन ~~तथा~~ हेतु की गयी कार्यवाही तथा निम्नवत निर्णय सर्वसम्मति से लिए गये –

(A) दिनांक 10/10/18 को हुई बैठक में लिए गये निर्णयों के क्रियान्वयन हेतु की गयी कार्यवाही-

1) महाविद्यालय के नाम सुधार हेतु पत्र शासन / निदेशालय को प्रेषित किया गया।
2) भवन अनुरक्षण एवं आधारभूत सुविधाओं हेतु प्रस्ताव निदेशालय को भेज दिया गया।
3) महाविद्यालय का पंजीकरण GEM पर ~~कराया गया~~। कराने के लिए पत्र भेजा गया।
4) महाविद्यालय के निर्धन छात्र सहायता हेतु प्राप्त आवेदनों पर उचित कार्यवाही की गयी।

(B) इस बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिए गये –

1) गृह विज्ञान, भूगोल गणित विषय के प्रवक्ता की नियुक्ति हेतु निदेशालय पत्र प्रेषित किया जाय।
2) छात्र - छात्राओं के लिए शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया जाय।
3) निर्माणाधीन कला संकाय भवन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया जाय।
4) महाविद्यालय के विद्यार्थियों के मूल्यांकन हेतु विभागवार विभिन्न मूल्यांकन विधियों का प्रयोग किया जाय।

Seen

[signatures]

Scanned with CamScanner

बैठक सूचना।

(02-02-2019)

महाविद्यालय के IQAC के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 09-02-2019 को दोपहर 2 बजे प्राचार्य कक्ष में एक आवश्यक बैठक आहूत की गयी है। समस्त सदस्य समयानुसार उपस्थित रहें।—

प्राचार्य

## बैठक कार्यवाही

(09-02-2019)

आज दिनाँक 09-02-19 को IQAC की बैठक में पिछले बैठक के निर्णयों के क्रियान्वय हेतु कार्यवाही तथा निम्न निर्णय सर्वसम्मति से लिए गये —

(A) दिनाँक 02-02-2019 को लिए गये निर्णयों के क्रम में कृत कार्यवाही व निर्णय —

1. महाविद्यालय हेतु मशीन, साज सज्जा/उपकरण हेतु पत्र प्रेषित किया जाय।
2. उच्चीकरण (स्नातकोत्तर) के लिए प्रस्ताव भेजा जाये।
3. महाविद्यालय पत्रिका प्रकाशन के लिए कार्यवाही प्रारम्भ करा जाये।

(B)

1. गणित, गृहविज्ञान, भूगोल विषय के शिक्षकों हेतु पत्र प्रेषित।
2. 'कतर्नियाघाट वन जीव विहार' शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न हुआ।
3. कला संकाय भवन में कार्य आधीक शेष रहने ~~अधी~~ सो निरीक्षण बाद में होने की सहमति।

प्राचार्य